28 वां

दिल्ली जल बोर्ड
राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड की दिनांक 27 जनवरी, 2000 को दोपहर 12.30 बजे दिल्ली जल बोर्ड के सभाकक्ष वरूणालय फेज–2, करोल बाग, नई दिल्ली–110 005 में हुई 28वीं बैठक का कार्यवृत्त ।

उपस्थित

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शीला दीक्षित, मुख्यमंत्री, दिल्ली | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुरेन्द्र कुमार, सदस्य, दिल्ली विधान सभा | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री प्रदीप मेहरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्री प्रहलाद सिंह साहनी, सदस्य, दिल्ली विधान सभा | सदस्य |
| 5. | श्री ब्रहम सिंह तंवर, सदस्य, दिल्ली विधान सभा | सदस्य |
| 6. | श्रीमती रोशनी बंसल, सदस्य, दिल्ली नगर निगम | सदस्य |
| 7. | श्री आर.सी. वर्मा, सदस्य, दिल्ली नगर निगम | सदस्य |
| 8. | श्री छन्नू मल, सदस्य, दिल्ली छावनी बोर्ड | सदस्य |
| 9. | श्रीमती सुमन स्वरूप, प्रधान सचिव (शहरी विकास) | सदस्य |
| 10. | सुश्री जनक जुनेजा, सदस्य (प्रशासन) | सदस्य |

**बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

दिल्ली जल बोर्ड की दिनांक 6 दिसम्बर, 1999 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई ।

**पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही का विवरण:–**

दिल्ली जल बोर्ड की 2 नवम्बर, 1999 को सम्पन्न हुई 26वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाई का विवरण बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत किया गया । बोर्ड ने इसे रिकार्ड में ले लिया ।

**मद संख्या 458** गोपनीय

**बोर्ड ने इस** मद पर विचार को स्थगित रखा ।

**संकल्प संख्या 484**

**मद संख्या 490** फरीदपुरी बूस्टर पम्पिंग स्टेशन में विद्युत एवं यांत्रिक उपकरणों की पूर्ति, वितरण, निर्माण, जांच एवं प्राधिकार देना ।

मुख्य अभियंता (वि.एवं या.)वाटर वर्क्स के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/6 दिनांक 24.12.99 में वर्णित फरीदपुरी बूस्टर पम्पिंग स्टेशन के लिए पम्पिंग सैटों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करने के कार्य का आवंटन बातचीत के आधार पर तय रू0 46,00,000/– की लागत पर निविदा आमंत्रण सूचना/फर्म के प्रस्ताव में वर्णित निबंधनों एवं शर्तों तथा बाद में प्रस्तुत स्पष्टीकरणों के आधार पर मै0 आर.के. प्रोजेक्टस (प्रा.)लि0 को आवंटित करने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाती है । सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि उपकरणों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए ।

**संकल्प संख्या 485**

**मद संख्या 491** प्रगति विहार पम्पिंग स्टेशन से केम्ब्रिज स्कूल के समीप तृतीय ग्रेविटी डक्ट तक 1500 मि.मी. व्यास के एस.आर.सी.–पी.एस.सी./एच.एस. पाइपों के बिछान/जोड़ने के कार्य का संशोधित अनुमान ।

मुख्य अभियंता (सिविल)–4 के द्वारा प्रस्तुत प्रगति विहार सीवेज पम्पिंग स्टेशन से श्रीनिवास पुरी के समीप तीसरे ग्रेविटी डक्ट तक 1500 मि.मी. व्यास की एस.आर.सी./पी.एस.सी./एच.एस. पाइप की राइजिंग मेन को बिछाने/जोड़ने के कार्य के लिए रू0 99,07,892.55 के व्यय के लिए संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने तथा इस कार्य को मै0 एस.के. कोहली जिनको यह कार्य मूल रूप से दिल्ली दर अनूसूची 1989 से 113.84% अधिक की स्वीकृत दर पर आवंटित किया गया था, द्वारा उन्हीं शर्तों और निबंधनों पर अनुबन्ध समझौते की धारा 10 सी.सी. के अर्न्तगत देय अपेक्षित मूल्यवृद्धि सहित रू0 96,19,313.16 की कुल लागत पर पूरा करने की अनुमति प्रदान करने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाती है । बोर्ड का यह दृढ़ मत था कि इस कार्य के अनुमान/लागत में और कोई संशोधन नहीं होना चाहिए ।

संकल्प संख्या 486

मद संख्या 492 दिल्ली जल बोर्ड में रू0 12000–16500 के वेतनमान में अधिक्षण अभियंता (सी) के पद पर तदर्थ पदोन्नति को जारी रखना ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/2 दिनांक 11.1.2000 में वर्णित दिल्ली जल बोर्ड में रू0 12000–16500 के वेतनमान में अधिक्षण अभियंता (सिविल) के पद पर 12 अधिकारियों को दिनांक 30.6.2000 की अवधि तक अथवा इन पदों पर उनकी नियमित आधार पर नियुक्ति किए जाने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले लागू हो, तदर्थ आधार पर पदोन्नति को जारी रखने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

संकल्प संख्या 487

मद संख्या 493 दिल्ली जल बोर्ड में श्री सोम दत्त की निदेशक (उपचार एवं गुणवत्ता नियंत्रण) के पद पर तदर्थ पदोन्नति को जारी रखना ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/सहा.आ.(टी.)/3 दिनांक 17.1.2000 में वर्णित श्री सोम दत्त की निदेशक (उपचार एवं गुणवत्ता नियंत्रण) के पद पर रू0 12000–16500 के वेतनमान में तदर्थ पदोन्नति को दिनांक 11.12.1999 से एक और वर्ष के लिए अथवा इस पद पर संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियमित नियुक्ति किए जाने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले लागू हो, जारी रखने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

संकल्प संख्या 488

मद संख्या 494 दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता (सिविल)प्रथम के अधीन मण्डलों/प्रभागों द्वारा माह अप्रैल–98 में रू0 1.00 लाख से रू0 25.00 लाख तक की लागत के कार्यो/आपूर्तियों के अनुबन्धों की सूची ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/5 दिनांक 30.11.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 489

मद संख्या 495 दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता (सिविल)प्रथम के अधीन मण्डलों/प्रभागों द्वारा माह मई–98 में रू0 1.00 लाख से रू0 25.00 लाख तक की लागत के कार्यो/आपूर्तियों के अनुबन्धों की सूची ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/6 दिनांक 30.11.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 490

मद संख्या 496 दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता (सिविल)प्रथम के अधीन मण्डलों/प्रभागों द्वारा माह जून–98 में रू0 1.00 लाख से रू0 25.00 लाख तक की लागत के कार्यो/आपूर्तियों के अनुबन्धों की सूची ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/7 दिनांक 30.11.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 491

मद संख्या 497 दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता (सिविल)प्रथम के अधीन मण्डलों/प्रभागों द्वारा माह जुलाई–98 में रू0 1.00 लाख से रू0 25.00 लाख तक की लागत के कार्यो/आपूर्तियों के अनुबन्धों की सूची ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/8 दिनांक 30.11.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 492

मद संख्या 498 दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता(सिविल)प्रथम के अधीन मण्डलों/प्रभागों द्वारा माह अगस्त–98 में रू0 1.00 लाख से रू0 25.00 लाख तक की लागत के कार्यो/आपूर्तियों के अनुबन्धों की सूची ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/9 दिनांक 30.11.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 493

मद संख्या 499 अधिक्षण अभियंता (निर्माण)मल–1 द्वारा माह सितम्बर–99 में किए गए कार्य/सप्लाई सूची 1.00 लाख से 25.00 लाख की लागत तक ।

मुख्य अभियंता (सी)–2 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/5 दिनांक 7.12.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 494

मद संख्या 500 अधिक्षण अभियंता (निर्माण)मल–4 द्वारा माह अक्टूबर–99 में किए गए कार्य/सप्लाई सूची 1.00 लाख से 25.00 लाख की लागत तक ।

मुख्य अभियंता (सी)–2 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/4 दिनांक 29.11.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 495

मद संख्या 501 अधिक्षण अभियंता (निर्माण)जल–1 द्वारा माह सितम्बर–99 में किए गए कार्य/सप्लाई सूची 1.00 लाख से 25.00 लाख की लागत तक ।

मुख्य अभियंता (सी)–3 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/15 दिनांक 22.12.99 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 496

मद संख्या 502 मुख्य अभियंता (एस.डी.डब्ल्यू.) द्वारा माह अगस्त–99 में किए गए कार्य/सप्लाई सूची 1.00 लाख से 25.00 लाख की लागत तक ।

मुख्य अभियंता (एस.डी.डब्ल्यू.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/34 दिनांक 7.1.2000 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 497

मद संख्या 503 मुख्य अभियंता (एस.डी.डब्ल्यू.) द्वारा माह सितम्बर–99 में किए गए कार्य/सप्लाई सूची 1.00 लाख से 25.00 लाख की लागत तक ।

मुख्य अभियंता (एस.डी.डब्ल्यू.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/35 दिनांक 7.1.2000 में वर्णित अनुबंधों की सूची पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि सूची को रिकार्ड में लिया जाता है ।

संकल्प संख्या 498

मद संख्या 504 लाल किला से भैरों मार्ग के बीच 1200–1400–2000 मि.मी व्यास के रिंग रोड़ ट्रंक सीवर का सी.सी.टी.वी. निरीक्षण सर्वेक्षण ।

मुख्य अभियंता (सी)–2 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/6 दिनांक 19.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि लाल किले से भैरों रोड़ तक 1200–1400–2000 मि.मी. व्यास के रिंग रोड़ ट्रंक सीवर की सी.सी.टी.वी. निरीक्षण सर्वेक्षण के लिए रू0 37,52,033/– के अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

संकल्प संख्या 499

मद संख्या 505 समाचार पत्रों और निविदा पत्रिका/प्रकाशनों को सूचीबद्ध करना तथा वित्तीय वर्ष 1999–2000 के लिए उनकी दरों की स्वीकृति ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/10 दिनांक 20.1.2000 में वर्णित वर्ष 1999–2000 के लिए समाचार पत्रों/निविदा पत्रिकाओं/प्रकाशनों को सूचीबद्ध करने तथा उनकी दरों को स्वीकृति करने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

मद संख्या 506 गोपनीय

बोर्ड ने इस मद पर विचार को स्थगित रखा ।

**मद संख्या 507** गोपनीय

बोर्ड ने इस मद पर विचार को स्थगित रखा ।

**मद संख्या 508** गोपनीय

बोर्ड ने इस मद पर विचार को स्थगित रखा ।

**मद संख्या 509** दिल्ली जल बोर्ड के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए आई.एस.ओ. 9002/बी.आई.एस. 14002 के अनुसार 9000 मी.टन. पॉली अल्यूमिनियम क्लोराइड (पी.ए.सी.) की खरीद ।

बोर्ड ने इस मद पर विचार को स्थगित रखा ।

**संकल्प संख्या 500**

**मद संख्या 510** 2.75 मिलियन लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय व बूस्टर पम्पिंग स्टेशन का मुनिरका गांव में निर्माण ।

मुख्य अभियंता (सी)–3 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/17 दिनांक 24.1.2000 में वर्णित मुनिरका गांव, दिल्ली में 2.75 मिलियन लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय/बूस्टर पम्पिंग स्टेशन का निर्माण कार्य 1.5% की छूट सहित 3% अधिक दर पर रू0 85,66,085/– की कुल लागत पर मै0 भसीन एसोसिएटस को आवंटित करने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

**संकल्प संख्या 501**

**मद संख्या 511** जी.टी. रोड़ शाहदरा में 4 मिलियन लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय एवं बूस्टर पम्प हाऊस के निर्माण हेतु पुर्नआकलन ।

मुख्य अभियंता (सी)–3 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/16 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि जी.टी. रोड़ शाहदरा में 4 मिलियन लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय एवं बूस्टर पम्पिंग स्टेशन के निर्माण के लिए रू0 1,29,09,736/– के संशोधित अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है । बोर्ड के सदस्यों को सूचित किया गया कि इस परियोजना में देरी के लिए उत्तरदायी सम्बन्धित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगे जा रहे हैं ।

**संकल्प संख्या 502**

**मद संख्या 512** दिल्ली जल बोर्ड के पुरूष व महिला कर्मचारियों के वर्ष समूह 1999–2001 की शीत ऋतु की वर्दी के लिए "नेवी ब्ल्यू" ऊनी कपड़े की खरीद ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/13 दिनांक 20.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि इस कार्य के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में लागू प्रक्रिया के अनुसार निम्नतम दर के आधार पर नकद भुगतान की प्रक्रिया को आरम्भ किया जाए ।

**मद संख्या 513** ऋषी नगर (रानी बाग) की सीवर व्यवस्था का सुधार ।

बोर्ड ने इस मद पर विचार को स्थगित रखा ।

**संकल्प संख्या 503**

**मद संख्या 514** चांदनी चौक के किनारी बाजार और बड़ा छिप्पीवाड़ा क्षेत्र की जल वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए 250–200–150 मि.मी. व्यास की लाइनों को बिछाने एवं जोड़ने का कार्य ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/16 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि चांदनी चौक में किनारी बाजार और बड़ा छिप्पीबाड़ा में पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए 250–200–150 मि.मी. व्यास की सी.आई. पाइप लाइन को बिछाने और जोड़ने के कार्य के लिए रू0 31,01,253/– के अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है । बोर्ड ने बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की प्रत्याक्षा में निविदा आमंत्रण करने के लिए भी प्राधिकृत किया ।

संकल्प संख्या 504

मद संख्या 515 संयुक्त निदेशक (राजस्व) के पद के भर्ती विनियमों में संशोधन ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/8 दिनांक 18.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि संयुक्त निदेशक (राजस्व) के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती नियमों में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की जाती है । बोर्ड ने विचार व्यक्त किया कि भर्ती नियमों से सम्बन्धित ऐसे सभी मामलों पर आवश्यक कार्यवाई करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अधिकृत करने हेतु एक प्रस्ताव बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत किया जाए ।

संकल्प संख्या 505

मद संख्या 516 राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली में माउन्टेड टैंकरों तथा मध्यम मोटर वाहनों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति हेतु वाहनों को किराए पर लगाना ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/13 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि पेयजल की आपूर्ति हेतु वाहनों को किराए पर लगाने के लिए रू0 145 लाख के संशोधित अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है । बोर्ड के सदस्यों ने मत व्यक्त किया इस प्रकार के सभी मामलों पर आवश्यक कार्यवाई करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अधिकृत करने हेतु एक प्रस्ताव बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत किया जाए । श्रीमती रोशनी बंसल के कहने पर सदस्यों ने निर्देश दिया कि नजफगढ़ जोन में अवैध रूप से टैंकरों को लगाने की जांच की जाए ।

संकल्प संख्या 506

मद संख्या 517 पंजाब खोड़ नाले से कंझावला चौंक तक 400 मि.मी. व्यास की सी.आई. की पानी की लाईन का बिछाना और जोड़ना ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/12 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित पंजाब खोड़ ड्रेन से कंझावला चौक तक 400 मि.मी. व्यास की पानी की सी.आई. पाइप लाईन को बिछाने और जोड़ने के कार्य के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि इस कार्य को 29.50% अधिक दर पर रू0 28,63,768.10 की कुल लागत पर मै0 अरूण कुमार गोयल को आवंटित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

मद संख्या 518 दिल्ली जल बोर्ड में 10,000–15,000 के वेतनमान में अधिशासी अभियंता (सी) के पद पर तदर्थ पदोन्नति को जारी रखना ।

बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर विचार को स्थगित रखा ।

संकल्प संख्या 507

मद संख्या 519 कटेवड़ा गांव से पंजाब खोड़ नाले तक 500 मिली मीटर व्यास की सी.आई. की पानी की लाईन को बिछाना और जोड़ना ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/11 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित कटेवड़ा गांव से पंजाब खोड़ ड्रेन तक 500 मि.मी. व्यास की पानी की सी.आई. पाइप लाईन को बिछाने और जोड़ने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि इस कार्य को 29.50% अधिक दर पर रू0 33,75,761.90 की कुल लागत पर मै0 खुकरैन बिल्डर्स को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

संकल्प संख्या 508

मद संख्या 520 दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारियों के लिए वर्ष 1998–1999 एवं 1999–2000 की ग्रीष्म ऋतु की वर्दी के लिए पुरूषों के काले सैण्डलों की खरीद ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/14 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि इस कार्य के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में लागू प्रक्रिया के अनुसार निम्नतम दर के आधार पर नगद भुगतान की प्रक्रिया को आरम्भ किया जाए ।

**संकल्प संख्या 509**

**मद संख्या 521** दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारियों के लिए वर्ष 1998–1999 एवं 1999–2000 की ग्रीष्म ऋतु की वर्दी के लिए खाकी और सफेद टेरीकोट कपड़े की खरीद ।

निदेशक (प्रशा.एवं का.) के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/15 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया तथा संकल्प लिया कि इस कार्य के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में लागू प्रक्रिया के अनुसार निम्नतम दर के आधार पर नगद भुगतान की प्रक्रिया को आरम्भ किया जाए ।

**संकल्प संख्या 510**

**मद संख्या 522** घिटोरनी एस.टी.पी. से अंतिम उपचारित बहिस्त्राव की निकासी के लिए 1100 मि.मी. व्यास के एन.पी.–3 आर.सी.सी., एस.एण्ड एस. पाईप की जमाली कमाली उद्यान महरौली तक की व्यवस्था/बिछाने के कार्य की निविदायें । रीच–1 (आर.डी. 00 से 1500 मी. तक) ।

मुख्य अभियंता (सी)–4 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/7 दिनांक 24.1.2000 में वर्णित घिटोरनी सीवेज ट्रीटमैन्ट प्लान्ट से जमाली कमाली पार्क महरौली, रीच–1 (आर.डी. 00 से 1500 मी.) तक उपचारित बहिस्त्राव के निपटान के लिए 110 मि.मी. व्यास की एन.पी. 3 आर.सी.सी. एस. एण्ड एस. पाइपों की व्यवस्था/जोड़ने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि इस कार्य को दिल्ली दर अनुसूची 1997 से 23.78% निम्न दर पर रू0 73,12,645.12 की कुल लागत पर मै0 के.के. स्पन पाइप्स को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

**संकल्प संख्या 511**

**मद संख्या 523** घिटोरनी एस.टी.पी. से अंतिम उपचारित बहिस्त्राव की निकासी के लिए 1100 मि.मी. व्यास के एन.पी.–3 आर.सी.सी., एस.एण्ड एस. पाईप की जमाली कमाली उद्यान महरौली तक की व्यवस्था/बिछाने के कार्य की निविदायें । रीच–3 (आर.डी. 3000 से 4530 मी. तक) ।

मुख्य अभियंता (सी)–4 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/6 दिनांक 24.1.2000 में वर्णित घिटोरनी सीवेज ट्रीटमैन्ट प्लान्ट से जमाली कमाली पार्क का नाला महरौली, रीच–3 (आर.डी. 3000 से 4530 मी.) तक उपचारित बहिस्त्राव के निपटान के लिए 1100 मि.मी. व्यास की एन.पी. 3 आर.सी.सी. एस. एण्ड एस. पाइपों की व्यवस्था/जोड़ने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि इस कार्य को दिल्ली दर अनुसूची 1997 से 19.90% निम्न दर पर रू0 85,96,298.41 की कुल लागत पर मै0 तिरूपति सीमेंट प्रोडक्टस को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

**संकल्प संख्या 512**

**मद संख्या 524** घिटोरनी एस.टी.पी. से अंतिम उपचारित बहिस्त्राव की निकासी के लिए 1100 मि.मी. व्यास के एन.पी.–3 आर.सी.सी., एस.एण्ड एस. पाईप की जमाली कमाली उद्यान महरौली तक की व्यवस्था/बिछाने के कार्य की निविदायें । रीच–2 (आर.डी. 1500 से 3000 मी. तक) ।

मुख्य अभियंता (सी)–4 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/8 दिनांक 24.1.2000 में वर्णित घिटोरनी सीवेज ट्रीटमैन्ट प्लान्ट से जमाली कमाली पार्क का नाला महरौली, रीच–2 (आर.डी. 1500 से 3000 मी.) तक उपचारित बहिस्त्राव के निपटान के लिए 1100 मि.मी. व्यास की एन.पी. 3 आर.सी.सी. एस. एण्ड एस. पाइपों की व्यवस्था/जोड़ने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि इस कार्य को दिल्ली दर अनुसूची 1997 से 25.25% निम्न दर पर रू0 77,33,039.25 की कुल लागत पर मै0 के.के. स्पन पाइप्स को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

**मद संख्या 525** दिल्ली जल बोर्ड में प्रशासनिक अधिकारी/क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी के पद हेतु भर्ती नियमों में संशोधन ।

बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव पर विचार को स्थगित रखा गया ।

**संकल्प संख्या 513**

**मद संख्या 526** बुराड़ी क्षेत्र में सिविल लाईन जोन में विभिन्न गांवों/अनाधिकृत कालोनियों में परिधिय पानी की लाइनों का जुटाना और बिछाना ।

मुख्य अभियंता (सी)–1 के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/15 दिनांक 21.1.2000 में वर्णित सिविल लाईन जोन के बुराड़ी क्षेत्र में स्थित गांवों और अनाधिकृत कालोनियों में पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए पानी की **परिधीय लाइनों की** व्यवस्था/बिछाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड ने संकल्प लिया कि इस कार्य के लिए रू0 94,95,585/– के अनुमान को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है । बोर्ड ने बैठक के कार्यवृत की पुष्टि की प्रत्याशा में निविदायें आमंत्रित करने के लिए भी प्राधिकृत किया ।

**मद संख्या 527** निजी उपभोक्ताओं के जल प्रभारों की पिछली बकाया देय राशि के भुगतान के लिए रियायती योजना तथा वर्ष 1999–2000 की अवधि में राजस्व वसूली की उत्कृष्ठ उपलब्धियों के लिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों को प्रोत्साहन देना ।

बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव पर विचार को स्थगित रखा गया ।

**मद संख्या 526** अनाधिकृत–नियमित कालोनियों में पेयजल की आंतरिक लाईनों को बिछाने के लिए विकास प्रभारों की अग्रिम राशि की वसूली ।

बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव पर विचार को स्थगित रखा गया ।

**मद संख्या 529** दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को शक्तियों का प्रत्यायोजन ।

बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव पर विचार को स्थगित रखा गया ।

**मद संख्या 530** दिल्ली में पेयजल वितरण प्रक्रिया में सुधार हेतु मुख्य अभियंता (सी) का एक पद अधिक्षण अभियंता (सिविल) के दो पद्र अधिक्षण अभियंता (वि.एव या.) का एक पद, सहायक कर्मचारी वर्ग के पदों सहित सृजित करना ।

बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पर विचार को स्थगित रखा गया ।

**संकल्प संख्या 514**

**मद संख्या 531** दिल्ली जल आपूर्ति एवं मल–निकासी परियोजना – विश्व बैंक ।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पत्र क्रमांक दि.ज.बोर्ड/एफ–14 दिनांक 26.1.2000 में वर्णित विश्व बैंक की परियोजना तैयार करने की सुविधा (पी.पी.एफ.) के अन्तर्गत परामर्शदाता सेवाओं को किराए पर लेने से संबन्धित मामलों के प्रस्ताव पर बोर्ड ने विचार किया । बोर्ड का मत था कि विश्व बैंक से उप–मानदण्डों (सब–क्राइटेरिया) के संशोधन करने की उनकी स्थिति पर पुर्नविचार करने हेतु उनसे अनुरोध किया जाए । ऐसा न होने पर नवीनतम रूप से आरम्भ किए गए उप–मानदण्ड़ों (सब–क्राइटेरिया) के आधार पर नयी दरें (बिडस) आमंत्रित की जाए ।

**अध्यक्ष महोदया की अनुमति से चर्चा :–**

बोर्ड के सदस्यों ने पुनः दोहराया कि बोर्ड की बैठक में विचारणीय विषयों को बोर्ड की बैठक बुलाये जाने से तीन कार्यदिवस पहले जारी किया जाना चाहिए । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बोर्ड में विचारणीय विषयों की संख्या इस प्रकार निर्धारित की जाए कि उन पर सुगमता से विचार किया जा सके ।

सचिव अरविन्द रे

शीला दीक्षित
अध्यक्ष